Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Khaire Shri Chandrakant Bhaurao

>

Title : Need to set up an organisation to look into the incidents of cyber crimes in the country like the one occurred recently in Sambhaji Nagar (Aurangabad).

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र) : सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र सम्भाजीनगर (औरंगाबाद) में साइबर क्राइम से जुड़ी एक बड़ी घटना का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस विभाग ने बहुत अच्छा काम किया है और लगभग 5-6 महीने के परिश्रम के बाद क्राइम ढूंढ़ निकाला है। शहर की लगभग 250 लड़कियों के विकृत अश्लील छाया चित्र yahoo.com पर पाए जाने से इस संबंध में शहर में हड़कम्प मच गया है। सारे इलैक्ट्रानिक माध्यम और न्यूज पेपर में, महाराट्र में और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया में यह खबर आई है। मैं सरकार से जानना चाहूंगा कि 250 में से एक छाया चित्र CEDT नामक सरकारी संस्था में उपलब्ध सुविधाओं का दुरुपयोग कर अपलोड किया गया है, ऐसा आरोप है। वहां के सीईडीटी संस्था के कुछ बच्चों ने या कर्मचारियों ने या किसी ने रात भर काम करने के बाद पूरे अश्लील छाया चित्र yahoo.com से निकाले गये हैं[R88]।

सभापति महोदया, मैंने पहले भी सदन में इस तरह के साइबर क्राइम्स को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की थी लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इसे रोकने के लिए सख्त कानून बनाने और सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। इस तरह के साइबर क्राइम्स को रोकना आवश्यक है। साइबर क्राइम्स अन्तर्राट्रीय और राट्रीय ऑफेन्स हैं। इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए अन्तर्राट्रीय और राट्रीय वेबसाइट्स की प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जानी चाहिए और जो विाय भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं हैं या जो संदिग्ध हैं, उन्हें तुरन्त ब्लॉक कर देना चाहिए।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय गृहमंत्री जी और माननीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि इन सारी चीजों पर निगरानी रखने के लिए एक संस्था की स्थापना करनी चाहिए, जो साइबर क्राइम्स को इमिडिएटली कैच कर सके। यह एक बड़ी घटना है, जिसमें 250 लड़कियों के अश्लील चित्र आए हैं। इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि ऐसी संस्था की स्थापना करके, उस संस्था के माध्यम से वेबसाइट्स और जो साइबर कैफे एवं इन्टरनेट कैफे चलते हैं, उन पर नजर रखकर, साइबर क्राइम को रोकने के लिए कदम उठाए जाएं। ऐसे अश्लील चित्र वेबसाइट्स पर न दिखाए जा सकें, उसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

सीडीटी, एक उपयोगी और अच्छी संस्था है, इसे बनाए रखा जाए। इसमें देश भर से लोग आते हैं, बच्चे आते हैं। सीडीटी महाराट्र में एकमेव ऐसी संस्था है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहूंगा कि सीडीटी में केवल महाराट्र के ही बच्चों को प्रवेश दिया जाए ताकि बाहर से आने वाले अन्य बच्चों के माध्यम से कोई साइबर क्राइम न फैल सके और साइबर क्राइम्स पर कंट्रोल किया जा सके।

इसके साथ ही मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूँ कि इस घटना की जांच होनी चाहिए।